प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने एएसआई एवं दलाल को 75 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

जयपुर,29 अगस्त 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय स्पेशल यूनिट ने कार्यवाही करते हुए मानसरोवर थाने में कार्यरत एएसआई रतीराम एवं दलाल ताराचंद को 75 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त महानिदेशक श्री सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में यह शिकायत दी कि उसके खिलाफ मानसरोवर थाने में दर्ज प्रकरण संख्या 732/19 में से महिलाओं का नाम हटाने एवं धारा 308 को कमजोर कर सामान्य धाराओं में केस बदलने की एवज में 1.5 लाख रुपए रिश्वत की राशि की मांग की। मामला 75 हजार रूपए में तय हुआ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त अधीक्षक पुलिस श्री पृथ्वीराज मीणा के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवा कर आज एएसआई रतिराम एवं दलाल ताराचंद को 75 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी